## संपादकीय

### या सिर्फ वोट कटवा बनेंगे?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश की सियासत के प्रभावशाली दल अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रहे हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियां हरियाणा की सियासत में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही हैं। इन दलों ने अपनी चुनावी रणनीति जातीय और सामाजिक समीकरणों पर आधारित बनाई है। जहां बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटरों को अपना आधार मानकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, वहीं समाजवादी पार्टी यादव-मुस्लिम समीकरण का फायदा उठाने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोकदल जाट समुदाय के आधार पर हरियाणा में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। इस स्थिति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल हरियाणा की सियासत में प्रभावी हो पाते हैं या सिर्फ वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाते हैं।

हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। इनेलो और जेजेपी जैसे दलों की सियासी उपस्थिति में काफी कमी आई है। इस परिदृश्य में इन दलों ने दलित आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस बनाम बीजेपी की इस लड़ाई में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखने योग्य होगा।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने सत्ता में चार बार पहुंचकर अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया है, लेकिन हरियाणा में उसकी स्थिति हमेशा कमजोर रही है। इस बार मायावती ने हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन किया है। इसी तरह, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है।

हरियाणा में बसपा और इनेलो ने जाट-दलित समीकरण को ध्यान में रखकर गठबंधन किया है। इस समझौते के तहत बसपा 34 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर इनेलो अपने प्रत्याशी उतारेगी। 2019 के चुनाव में बसपा हरियाणा में खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन उसे 4.21 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इनेलो ने पिछले चुनाव में 2.44 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे, जबकि इससे पहले यह आंकड़ा 24 प्रतिशत था। 2024 के लोकसभा चुनाव में इनेलो को 1.74 प्रतिशत और बसपा को 1.28 प्रतिशत वोट मिले थे।

बसपा की कमान युवा नेता आकाश आनंद के हाथ में है, और पार्टी अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत मतदाताओं के सहारे हरियाणा में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। बसपा ने 34 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है, जिसमें उसकी सफलता की चुनौती बनी हुई है। 2024 के चुनाव में जाट और दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर दिखा है, जिससे बसपा के लिए हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। अगर बसपा का वोट शेयर लगातार गिरता रहा, तो पार्टी कहीं वोट कटवा पार्टी न बन जाए, यह चिंता बनी रहती है।

चंद्रशेखर आजाद ने अपनी आजाद समाज पार्टी का राष्ट्रीय विस्तार करने के लिए हरियाणा में जेजेपी के साथ गठबंधन किया है। जेजेपी, जो इनेलो से टूटकर बनी है, ने 2019 में हरियाणा की सियासत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उसे अपने सियासी अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। चंद्रशेखर ने जेजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। हरियाणा की 90 सीटों में से जेजेपी 70 और आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस गठबंधन से जेजेपी को अधिक लाभ की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने यूपी में दलितों के बीच अपनी पहचान बनाई है, लेकिन हरियाणा में उनकी लोकप्रियता सीमित है। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा और उदयभान जैसे दलित चेहरे राज्य में प्रभावी रहे हैं। ऐसे में चंद्रशेखर के लिए जेजेपी के साथ मिलकर हरियाणा में सफलता प्राप्त करना एक चुनौती हो सकती है।

समाजवादी पार्टी ने 2024 में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 37 सीटें जीतकर अपनी ताकत साबित की है। अखिलेश यादव ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी मैदान में उतरना चाहती है, लेकिन अभी तक दोनों दलों के बीच कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में किसी अन्य दल के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार नहीं हैं।

सपा ने यह भी तय किया है कि अगर कांग्रेस उसे सीट नहीं देती है, तो वह अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। 2019 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह चार सीटों पर लड़ी थी और सभी की जमानतें जब्त हो गई थीं। फिर भी, सपा ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और यादव और मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों पर ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी की रणनीति यह है कि चाहे सीट मिले या न मिले, लेकिन उसकी पहचान बने और उसे हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करने में मदद मिले। यह देखना होगा कि सपा इस बार कितना प्रभाव डाल पाती है।

राष्ट्रीय लोकदल केंद्र में एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और इसके प्रमुख जयंत चौधरी मोदी सरकार की कैबिनेट में हैं। हरियाणा में जाट वोटरों की ताकत को देखते हुए आरएलडी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह की ससुराल सोनीपत के गांव गढ़ी कुंडल में है और वह खुद जाट समुदाय से आते हैं। राज्य में जाट वोटर लगभग 28 प्रतिशत हैं। आरएलडी की योजना बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की है और उसने पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है। बीजेपी जाट वोटरों को अपने साथ जोड़ने के लिए आरएलडी को दो से तीन सीटें दे सकती है।

हरियाणा की राजनीति में कांग्रेस का विकल्प पहले लोकदल था, लेकिन अब बीजेपी ने उसकी जगह ले ली है। कांग्रेस आज भी अपनी स्थिति बनाए हुए है। उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दलों को हरियाणा की राजनीति में अपनी जगह बनाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इन दलों की उपस्थिति अन्य दलों की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटों का बिखराव कर सकती हैं, सपा यादव वोटों को बांट सकती है, और आरएलडी जाट वोटों को विभाजित कर सकती है। इस तरह, इन दलों की उपस्थिति सियासी समीकरणों को बदल सकती है और वोट कटवा पार्टी बनने की संभावना को भी जन्म दे सकती है।

# स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट 7 सितंबर को वितरित करेगा कृत्रिम अंग : माधवी हंस




समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट ने बीड़ा उठाया है कि वह समाज के दिव्यांग लोगों की हरसंभव मदद करेगा और उन्हें कभी उपेक्षित महसूस नहीं होने देगा। इसी कड़ी में आगामी 7 सितंबर को पंजाबी भवन सेक्टर-16 में दिव्यांग भाई बहनों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृत्रिम अंग एवं व्हील चेयर,ट्राई साईकिल,बेट्री ट्राई साईकिल,कान की मशीन व अन्य सहायक उपकरण वितरित किए जाएगें। यह बात स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष माधवी हंस ने सेक्टर-21 सी के सामुदायिक भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर संस्था के ट्रस्टी पंकज हंस और ट्रस्ट टेकचंद नंदराजोग(टोनी पहलवान) भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर माधवी हंस ने बताया कि शिविर में लगभग 150 दिव्यांग लोगों को कृत्रिम अंग वितरित किए जाएगें। इसके लिए पात्र लोगों की पहचान कर उनका पंजीकरण भी हो गया है। समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि वह अपने से नीचे स्तर व अक्षम लोगों की सहायता करें। माधवी हंस ने कहा कि दिव्यांग लोगों की सहायता और मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से स्पेशल अचीवर्स की स्थापना की गई है, यह दिव्यांग लोगों को उनकी जीवनशैली में सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन। इस मौके पर ट्रस्टी पंकज हंस ने बताया कि कार्यक्रम को दो सत्रों में बांटा गया है जिसमें पहले सत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता आएगें और दूसरे सत्र में अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निज अमृतानन्द पुरी जी,विश्व हिन्दु परिषद दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना जी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख कृष्ण सिंहल जी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह,हरियाणा राकेश त्यागी जी के हाथों से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण होगा। ट्रस्टी टेकचंद नंदराजोग(टोनी पहलवान) ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है और इस शिविर का ज्यादा से ज्यादा जरुरत मंद लोगो तक फायदा पहुचाने के लिए ट्रस्ट द्वारा काफी प्रचार प्रसार भी किया जा चुका है। दिव्यांग लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके इसके लिए वे एड़ी चोटी का जोर लगा देगें।

# इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास केन्द्र में हर्षोल्लास से मनाया गया स्थापना दिवस




समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का स्थापना दिवस फरीदाबाद स्थित इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास केन्द्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। यह इंडियन ऑयल का 65वां स्थापना दिवस समारोह था, जो निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) आलोक शर्मा की देखरेख में सर्वो ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर अनुसंधान एवं विकास केन्द्र के वरिष्ठ प्रबंधन के लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत इंडियन ऑयल के निगम गान के साथ हुई। जिसके बाद श्री शर्मा ने उपस्थित लोगों को इंडियन ऑयल के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। आलोक शर्मा ने 2047 तक इंडियन ऑयल के 1 ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य को पूरा करने में अनुसंधान एवं विकास केन्द्र की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में कम खर्चीला और पर्यावरण के लिए सुरक्षित समाधान विकसित करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने 2जी इथेनॉल, एंजाइम की मदद से सीओ 2 कैप्चर तकनीक जैसी ऊर्जा के वैकल्पिक क्षेत्रों में अनुसंधान की प्रगति को सराहनीय कहा। हाइड्रोजन के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए इंडियन ऑयल ने टाटा मोटर्स लिमिटेड से 15 फ्यूल सेल बसें लेकर भारतीय सेना और भारतीय नौसेना को प्रदान किया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि निगम के पैनल में मौजूद विक्रेताओं के माध्यम से सूर्य नूतन सोलर कुक स्टोव को बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम चल रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के विजेता विभागों को पुरस्कार भी दिए गए। साथ ही सबसे अधिक पेटेंट हासिल करने वाले कार्मिकों को अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) ने सम्मानित किया।

# 15 वर्षीय नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर फर्जी दस्तावेज बनवाकर बाल विवाह तथा दुष्कर्म करने वाला पकड़ा



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों में सख्त कानूनी कार्रवाई करने के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए सेंट्रल थाने की टीम ने पोस्को, बाल विवाह तथा अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आदित्य (20) है जो उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के सेंट्रल थानाक्षेत्र में रह रहा था। आरोपी बारबर का काम करता है जिसने 15 अगस्त 2024 को अपने पड़ोस में रहने वाली एक 15 वर्षीय लड़की को शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ रायबरेली ले गया जहां आरोपी की बुआ रहती थी। पीड़ित परिवार की तरफ से 15 अगस्त को ही सेंट्रल थाने में शिकायत दी गई जिसके आधार पर थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश शुरू की गई। आरोपी ने रायबरेली में लड़की का फर्जी आधार कार्ड बनवाया जिसमें लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक दर्शाई गई। इसके बाद आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड के आधार पर लड़की से मंदिर में शादी की तथा शादी के बाद लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता के आधार पर 3 सितंबर को लड़की को रायबरेली से बरामद कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार करके मामले में पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करीब 1 साल से लड़की के संपर्क में था जिसने मौके का फायदा उठाकर लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मामले में बाल विवाह तथा पोस्को एक्ट की धाराएं जोड़कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस द्वारा आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले आरोपी के बारे में जानकारी प्राप्त करके उसकी धरपकड़ की जाएगी।

# छात्राओं को सिखाए सेल्फ डिफेंस के गुर




समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत महिला थाना प्रबंधक सेंट्रल के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने सेक्टर 31 थाना क्षेत्र में स्थित फरीदाबाद मॉडल पब्लिक स्कूल में छात्राओं को बेड टच, सेल्फ डिफेंस और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध अपराध व डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्राओं को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। पुलिस टीम ने छात्रों को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए और बतलाया कि अगर कोई व्यक्ति आपका पिछा करता है, कमेंट पास करता है या अन्य किसी और तरीके से परेशान करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

# पुलिस ने 12 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस ने एक दिन में अलग-अलग स्थान से 12 शराब तस्करों को काबू कर 26 पेटी अवैध शराब तथा 1 स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित निवासी नंगला एंक्लेव पार्ट 1, शिव व अमित कुमार निवासी एसजीएम नगर, मुकेश निवासी त्रिखा कॉलोनी, सुनील कुमार निवासी नगला एनक्लेव पार्ट 2, बंटी निवासी डबुआ कॉलोनी, प्रिंस निवासी सेक्टर 22, योगेश निवासी एसी नगर, राकेश निवासी दयालनगर, राजेश निवासी गांधी कॉलोनी, सोनू निवासी खेड़ी पुल तथा नीरज निवासी बल्लभगढ़ का नाम शामिल है। फरीदाबाद के पुलिस थाना सारन एसजीएम नगर, मुजेसर, कोतवाली व सूरजकुंड तथा अपराध शाखा 48, 30, सेंट्रल, ऊंचागांव व एनआईटी की टीम ने थाना सारन, सूरजकुंड, कोतवाली, खेड़ीपुल, एसजीएम नगर, मुजेसर, डबुआ, एनआईटी तथा सिटी बल्लभगढ़ क्षेत्र में 12 आरोपियों को अवैध शराब सहित काबू किया। जिनके कब्जे से 26 पेटी अवैध शराब तथा 01 स्कूटी बरामद की गई। बरामद की गई अवैध शराब में 24 पेटी देशी शराब तथा 02 अंग्रेजी शराब की शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आसपास के ठेकों से शराब लेकर इसे फुटकर में महंगे दाम पर बेचकर पैसा कमाने के लालच में थे जिन्हें पुलिस ने अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# पुलिस की पाठशाला का सफल आयोजन



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने थाना शहर बल्लभगढ़ और पुलिस चौकी सेक्टर-11 की टीमों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और छात्रों को विभिन्न कानूनों, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन थाना बल्लभगढ़ शहर के प्रबंधक की उपस्थिति में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, बल्लभगढ़ शहर, प्रभारी चौकी सेक्टर 11 के साथ आरडब्ल्यूए पर्ल एवेन्यू सोसायटी, सेक्टर 11, और एक अन्य स्थान श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, ब्लॉक पीटीपी, सेक्टर 75, फरीदाबाद पर किया गया। कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित बच्चों, अध्यापकों, नागरिकों, और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, डायल 112, इंडिया 112 एप के उपयोग, और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही, उन्हें फरीदाबाद को नशा मुक्त और अपराध मुक्त शहर बनाने के लिए सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

# धमकी देकर वसूली करने वाला गिरफ्तार



समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर द्वारा आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए पल्ला थाने की टीम ने जबरन वसूली करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोहन पाल (42) फरीदाबाद के अगवानपुर गांव का रहने वाला है और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। 30 मई 2024 को पल्ला थाने में जबरन वसूली करने तथा जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पीड़ित महिला ने बताया कि दीपावली एनक्लेव पार्ट 2 में रहती है और अपने मकान पर दूसरी मंजिल का निर्माण कर रही थी। 29 मई को सोहन पाल उसके मकान पर आया और उसका काम रुकवा दिया। सोहनपाल ने महिला से 15000 रुपये की मांगे और पैसे ना देने पर जान से मारने की धमकी देने लगा जिसपर महिला ने डर के कारण आरोपी के दबाव में आकर उसे 12000 रुपये फोन पे के माध्यम से भेज दिए। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार हो गया। पुलिस ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए आरोपी को 3 सितम्बर को पल्ला चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से1500 बरामद किए गए। उसने बताया कि बाकी के पैसे उसने खर्च कर दिए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने एक अन्य मामले में एक व्यक्ति के साथ करीब 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को भी अंजाम दिया है। आरोपी ने उस व्यक्ति को जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके उसे ग्रीन बेल्ट की जमीन पर प्लाट देने के नाम पर यह पैसे लिए थे जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है वहीं धोखाधड़ी के दूसरे मामले में आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# 400 साल पुराने मंदिर में सिद्धार्थ से शादी करेंगी अदिति

बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ बॉलीवुड के चर्चित कपल में से एक है। दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इनकी शादी को लेकर फैंस को लग रहा है कि ये किसी बड़े डेस्टिनेशन वेडिंग पर करेंगे, लेकिन ये बड़ी जगह शादी के लिए नहीं जा रहे हैं। अभिनेत्री ने एक बातचीत में खुलासा किया कि शादी की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, उन्होंने शादी की तारीख का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने अपनी अनोखी शादी की जगह के बारे में कुछ जानकारी दी। अदिति राव हैदरी ने हाल ही में एक बातचीत में कहा कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी 400 साल पुराने मंदिर के इर्द-गिर्द होगी। उन्होंने कहा, शादी वानापर्थी में 400 साल पुराने मंदिर के इर्द-गिर्द होगी, जो मेरे परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अदिति और सिद्धार्थ की मुलाकात 2021 में तेलुगु फिल्म महा समुद्रम के सेट पर हुई थी। इसी दौरान अदिति ने सिद्धार्थ के मैरिज प्रपोजल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, मैं अपनी नानी के सबसे करीब थी, जिनका कुछ साल पहले निधन हो गया था। उन्होंने हैदराबाद में एक स्कूल शुरू किया था। एक दिन सिद्धार्थ ने मुझसे पूछा कि क्या वह इसे देख सकते हैं। क्योंकि वह अच्छी तरह से जानते थे कि मैं उनसे कितनी करीब थी।

वह मार्च में स्कूल देखने के लिए आए। उन्होंने अदिति से उसे अपने दिल के करीब एक खास जगह दिखाने के लिए कहा कि नर्सरी सेक्शन के ऊपर एक मंजिल। उन्होंने याद करते हुए कहा, वह अपने घुटनों पर बैठ गए और मैंने उससे पूछा कि अब तुमने क्या खो दिया है? किसके जूते के फीते खुले हैं? वह कहते रहे कि अद्दू, मेरी बात सुनो। इसके बाद उन्होंने प्रोपोज किया। अदिति ने बताया, उन्होंने कहा कि वह मुझे मेरी पसंदीदा बचपन की जगह पर ले जाना चाहते हैं, जहां पर मेरी नानी का आशीर्वाद हो। उन्होंने इस साल मार्च में अपनी सगाई की घोषणा की थी। दोनों पिछले कुछ सालों से डेट कर रहे हैं।



# 5 साल बाद फिर से टीवी की दुनिया में वापसी करने वाली हैं अनिता हसनंदानी

**अनीता हसनंदानी टीवी की जानी-मानी हस्तियों में से एक हैं। लगभग 5 साल बाद वह फिर से टीवी की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत के दौरान एजाज खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर अपनी राय रखी। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें एजाज खान के साथ अपने रिश्ते को लेकर पछतावा है या नहीं।**

## रिश्ते के चलते छोड़ा करियर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अभिनेत्री ने रिश्ते की खातिर बेहतरीन अवसरों को छोड़ने के बारे में बात की और कहा, 'मैंने अपने करियर के बहुत से मौके छोड़ दिए। ऐसा नहीं है कि उन्होंने मुझे मजबूर किया, लेकिन वह अक्सर कहते थे कि मैं नहीं चाहता कि तुम कोई फिल्म करो या मैं नहीं चाहता कि तुम ऐसा कोई सीन करो, इसलिए मैंने बहुत सारे बेहतरीन मौके छोड़ दिए, क्योंकि उस समय मेरे लिए प्यार या रिश्ता ज्यादा महत्वपूर्ण था। हम प्यार में बहुत बदल जाते हैं दूसरे व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए आप वह बन जाते हैं जो वे चाहते हैं कि आप बनें, तो मैंने थोड़ा अपने आपको चेंज कर लिया था।'

## रिश्तों को लेकर क्या कहा?

अपने रिश्तों को लेकर अनिता ने कहती है, 'मैं हमेशा एक देने वाली रही हू, एक ऐसे व्यक्ति जिसने अधिक दिया और कम प्राप्त किया। मैंने बहुत कम उम्र में अपने पिता को खो दिया, इसलिए मुझे उस पुरुष की जरूरत है, जो मुझे गाइड करे, कोई मुझे समझाए, मुझे लगता है कि मुझे वो गाइडिंग लाइट चाहिए थी, इसलिए मेरे लिए जब भी कोई मेरी जिंदगी में आया, वो उस समय मेरी जिंदगी का केंद्र था।

## एजाज के साथ रिश्ते को लेकर कहा...

जब अभिनेत्री से एजाज के साथ उनके रिश्ते को लेकर पूछा गया कि क्या उन्हें एजाज के साथ अपने रिश्ते पर पछतावा है? तो अनीता ने थोड़ी देर की चुप्पी के बाद कहा, 'देखिए मैंने बहुत कुछ सीखा और मैं एक बेहतर इंसान बन गई। मुझे लगता है कि हम दो बहुत अच्छे लोग थे जो एक दूसरे के लिए अच्छे नहीं थे। मुझे बस एक बात का पछतावा है कि मैंने अपने बेहतरीन करियर को छोड़ दिया।'



# यशराज फिल्म्स के साथ वापसी के लिए तैयार अली अब्बास जफर

मशहूर फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) में लौटने के लिए तैयार हैं। वह प्रोडक्शन हाउस जहां उन्होंने अपनी पहली चार सफल फिल्मों का निर्देशन किया था। कथित तौर पर निर्देशक वाईआरएफ बैनर के तहत एक-दो नहीं बल्कि कई फिल्मों पर काम करेंगे। यह घटनाक्रम जफर और उनके गुरु और वाईआरएफ प्रमुख, आदित्य चोपड़ा के लिए एक महत्वपूर्ण पुनर्मिलन का प्रतीक है। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, हमें यकीन है कि अली नई ऊंचाइयों को छुएंगे क्योंकि वह वाईआरएफ के लिए कई बड़े बजट की फिल्मों पर आदित्य चोपड़ा के साथ काम करने वाले हैं। सूत्र ने आगे कहा, दोनों ने अभी तक उन फिल्मों को तय नहीं किया है जिन्हें अली अब वाईआरएफ में निर्देशित करेंगे। लेकिन हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये दिलचस्प और नई कहानियां होंगी।

अली अब्बास जफर ने अपने निर्देशन की शुरुआत वाईआरएफ की 2011 की रोमांटिक कॉमेडी मेरे ब्रदर की दुल्हन से की थी। कैटरीना कैफ, इमरान खान और अली जफर मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही, जिससे जफर के लिए 2014 की एक्शन फिल्म गुंडे का निर्देशन करने का रास्ता खुल गया। रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, प्रियंका चोपड़ा जोनास और इरफान खान अभिनीत गुंडे एक बड़ी हिट साबित हुई। इसके बाद वाईआरएफ के साथ मिलकर अली अब्बास जफर ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। इनमें सलमान खान और अनुष्का शर्मा अभिनीत कुश्ती ड्रामा सुल्तान (2016) भी शामिल है। यह फिल्म वाईआरएफ की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है।




# भुवन बाम ने बताया ताजा खबर का राज, कहा - यह मेरी जिंदगी की कहानी

भुवन बाम की ताज़ा खबर सीजन 2 का प्रसारण 27 सितंबर से शुरू होगा। अभिनेता और यूट्यूब सेंसेशन ने बताया कि यह परियोजना सिर्फ एक सीरीज नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन के ग्राफ को दर्शाती है। सीरीज में वसंत गवड़े का किरदार निभाने वाले भुवन ने कहा, ताजा खबर सिर्फ एक सीरीज नहीं है, यह मेरे जीवन के ग्राफ को दर्शाती है। वश?य का किरदार निभाना आसान था, क्योंकि वह मेरे लिए एक आईना है। सितारों तक पहुंचने की उनकी महत्वाकांक्षा और अपने परिवार की सेवा करने की उनकी लगन मेरे सपनों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बार, दर्शकों को किरदार में नए जटिलताओं का अनुभव होगा, मैं दर्शकों में यह देखने के लिए उत्सुक हूं।

रोहित राज और बाम द्वारा बीबी की वाइंस प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित इस सीरीज को हिमांक गौर ने निर्देशित किया है। इसमें श्रेया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया है। निर्माता रोहित राज ने कहा, मैंने हमेशा ताजा खबर को एक रैग्स-टू-रिचेज (गरीबी से अमीरी) यात्रा के रूप में देखा है, इसमें मुंबई का स्थानीय स्वाद और ट्विस्ट है। एक फ्रैंचाइज के रूप में ताजा खबर के लिए हमारा एकमात्र विजन हमारे दैनिक जीवन से अनुभव प्राप्त करना, उन्हें विस्तृत करना और उन पर सूक्ष्म रूप से विचार करना है। उन्होंने कहा, भुवन की यात्रा को ताजा खबर के माध्यम से देखना अभिनय की दृष्टि से बहुत समृद्ध रहा है, उनकी यात्रा आगे और ऊपर की ओर बढ़ने वाली है। ताजा खबर सीजन 2 डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 27 सितंबर से प्रसारित होगा। भुवन ने बीते दिनों बताया था कि वह इस सीरीज में गीतकार-अभिनेता स्वानंद किरकिरे के साथ काम करने के लिए रोमांचित हैं। दोनों कलाकारों ने शो के दूसरे सीजन के लिए एक नए गीत पर सहयोग किया।

# तंगालन एक्टर चियान विक्रम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम



चियान विक्रम इस वक्त अपनी फिल्म तंगालन को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। यह 15 अगस्त को साउथ में रिलीज हो चुकी है, और अब 6 सितंबर को हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाएगी। चियान विक्रम ने हाल ही एक इंटरव्यू में कहा कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। मालूम हो कि चियान विक्रम ने ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम नहीं किया है। उन्होंने साल 2010 में आई फिल्म रावन से बॉलीवुड में एंट्री की थी। हालांकि, उस फिल्म को एक साथ हिंदी और तमिल भाषा में शूट किया गया था। पर विक्रम अभी तक फुल फ्लेजेड हिंदी रोल से दूर ही रहे हैं। इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या वह किसी हिंदी फिल्म में काम करेंगे? इस पर विक्रम ने हामी भरी, पर साथ ही यह भी बताया कि वह किस शर्त पर किसी हिंदी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। विक्रम ने कहा कि वह रोल उतना ही आकर्षक और दमदार होना चाहिए, जितना वह तमिल फिल्मों में प्ले करते हैं।



# आजकल बस दोस्त-दुनिया सबको सॉफ्ट चिट्टी, वॉर्म चिट्टी लोरी सुना रहा हूं

फिल्म दंगल से बॉलिवुड में दमदार एंट्री मारने वाले अपारशक्ति खुराना ने एक तरफ जहां कॉमिडी में अपनी महारत दिखाई, वहीं वेब सीरीज जुबली में सीरियस अवतार में ऐक्टिंग की रेंज दिखाकर चौंकाया। इन दिनों स्त्री 2 की सुपर सफलता एंजाय कर रहे अपारशक्ति जल्द ही कई और फिल्मों में अलग-अलग अवतार में दिखेंगे।

**स्त्री 2 को दर्शकों का जितना प्यार मिल रहा है, ऐसा बहुत कम सीक्वल फिल्मों के साथ होता है। आपके हिसाब से इस टीम ने क्या चीज सही की, जो ज्यादातर लोग नहीं कर पाते? आपको क्या-क्या कॉम्प्लिमेंट मिले?**

सच कहें तो फिल्म शूट करते वक्त तो सबके दिमाग में बस यही था कि अच्छा काम करना है। मुझे लगता है कि यहां कहानी बहुत सफाई से पहली फिल्म से दूसरी पर जाती है, तो इसकी सबसे बड़ी ताकत राइटिंग है। दूसरे, हम सबकी जो बॉन्डिंग है, खास तौर पर मेरी, राजकुमार राव और अभिषेक बनर्जी की, वो फिल्म से परे भी इतनी मजबूत हो चुकी है कि वो दोस्ती पर्दे पर दिखती है और लोग उससे कनेक्ट करते हैं लेकिन इसका सबसे बड़ा श्रेय मैं ऑडियंस को दूंगा जिसने फिल्म को इतना प्यार दिया।

**आगामी फिल्म बर्लिन में आप साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट का रोल कर रहे हैं। उसकी तैयारी कैसे की? वहीं, बदतमीज गिल में भी फिर कॉमिडी है?**

अभी तक मेरे साथ क्या होता था कि कहीं खड़ी बोली बोलनी है, कहीं पर अवधी तो कहीं पर हरियाणवी। जैसे दंगल में हरियाणवी थी, स्ट्रीट डांसर में पंजाबी तो जुबली में हल्का बंगाली टच देना था। जबकि, यहां साइन लैंग्वेज सीखनी थी, जो एकदम अलग चीज थी। इसी वजह से मुझे अपने प्रफेशन से प्यार है। यहां इतनी सारी नई-नई चीजें करने को मिलती हैं जो कहीं और संभव नहीं है। मुझे साइन लैंग्वेज सीखने और शूटिंग के दौरान उसके जरिए पूरा केस इंवेस्टिगेट करने में बहुत मजा आया। जबकि, बदतमीज गिल एक पंजाबी फैमिली की कहानी है, जिनकी आपस में बनती नहीं है। इसमें वाणी कपूर मेरी बहन बनी हैं और परेश रावल हमारे पापा बनेहैं। इसमें हमारी जैसी लड़ाई आपको दिखेगी, वैसी हर भारतीय परिवारों में दिखती है।

**स्त्री 2 मनोरंजन के साथ-साथ औरतों की शक्ति की बात कहती है, पुरुष सत्ता की छोटी सोच पर चोट करती है। इधर, कोलकाता से लेकर बदलापुर तक में औरतों के प्रति जो हैवानियत दिखी है, एक बेटी के पिता होने के नाते आप कितना डरते हैं?**

निश्चित तौर पर इसके बारे में सोचकर ही बहुत डर लगता है। हमने फिल्म का संदेश इसीलिए ऐसा रखा है कि लोगों तक यह बात पहुंचे और वे थोड़े जागरूक हों, क्योंकि जब भी ऐसा कोई वाकया होता है, हम अंदर तक कांप जाते हैं। मुझे लगता है कि सरकार के अलावा, हमें खुद भी थोड़ी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी।

# क्या 32 की उम्र में शादी के तैयार हैं रिया चक्रवर्ती?



रिया चक्रवर्ती ने हाल ही में, शादी को लेकर बातचीत की है और इस पर अपनी राय साझा की है रिया चक्रवर्ती ने एक पॉडकास्ट में कहा कि शादी करने की कोई उम्र नहीं होती है उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी पर शादी करने का दबाव क्यों होना चाहिए उन्होंने कहा कि महिलाओं पर ही इस बात का ज्यादा दबाव होता है, क्या ये इसलिए है, क्योंकि उनकी एक बायोलॉजिकल क्लॉक होती है रिया ने कहा कि वो अपने करियर में फिलहाल काफी कुछ करना चाहती है और शादी के लिए तैयार नहीं है रिया चक्रवर्ती को लेकर मीडिया रिपोर्टस में कहा जा रहा है कि वो उद्योगपति निखिल कामथ को डेट कर रही है